उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 13.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 13.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 13.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'साइबर जागरुकता' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 13.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना चरखारी एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।







# महोबा पुलिस



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 109/2025 धारा 69/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त मनोज कुमार अहिरवार पुत्र रामकुमार अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार
2.वरि0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव
3.का0 अमित कुमार 4.का0 अंकित सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मनोज कुमार अहिरवार पुत्र रामकुमार अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु शातिर अपराधियों के क्रियाकलापों पर पैनी नजर रख उनके सत्यापन की कार्यवाही व आपराधिक कृत्य पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह मय हमराह उ0नि0 राजेश कुमार, कां0 प्रताप विक्रम सिंह, कां0 अजय सोनकर व म0कां0 शीला यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कुलपहाड जनपद महोबा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 213/2025 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त नरेन्द्र अहिरवार पुत्र भग्गू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नगाराडांग थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम इन्द्रहटा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यपाल सिंह
2.उ0नि0 राजेश कुमार
3.कां0 प्रताप विक्रम सिंह 4.कां0 अजय सोनकर 5.म0कां0 शीला यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नरेन्द्र अहिरवार पुत्र भग्गू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नगाराडांग थाना अजनर जनपद महोबा

### अभियुक्त का अपराध विवरण-

1.मु0अ0सं0 213/2025 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना कुलपहाड जनपद महोबा
2.मु0अ0सं0 157/2024 धारा 392/411 भादवि0 थाना कुलपहाड महोबा
3.मु0अ0सं0 166/2024 धारा 307 भादवि0 थाना कुलपहाड जनपद महोबा
4.मु0अ0सं0 168/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुलपहाड जनपद महोबा
5.मु0अ0सं0 233/2023 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना अजनर महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर जागरूकता अभियान - जनपद महोबा पुलिस





पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में, जनपद महोबा में आज दिनांक- 13.08.2025 को जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा वृहद स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है।

जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित शैक्षणिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं सामाजिक संगठनों में जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

प्रमुख साइबर अपराध एवं बचाव उपायों के बारे में आमजन को जानकारी दी गई, जिनमें शामिल हैं:

फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, रैनसमवेयर, पहचान की चोरी, ऑनलाइन स्कैम, डार्क पूल फ्रॉड, डीपफेक, UPI फ्रॉड, क्रिप्टो धोखाधड़ी आदि से जुड़ी ठगी के तरीके एवं उनसे बचाव।

संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना, मजबूत पासवर्ड व 2FA का प्रयोग, एंटीवायरस अपडेट, साइबर हेल्पलाइन 1930 व वेबसाइट https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करना जैसे सुझाव प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ, जिससे आमजन विशेषकर युवा वर्ग, महिलाएं एवं तकनीकी रूप से कम जानकार नागरिक साइबर अपराधों से सुरक्षित रह सकें।

ध्यान दें संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। अपनी निजी जानकारी कभी भी किसी अज्ञात लिंक या व्यक्ति से साझा न करें।

जनपद पुलिस महोबा – आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## Operation Ring Return महोबा पुलिस

### जनपदीय एसओजी/सर्विलांस टीम महोबा द्वारा गुम/खोये हुये कुल 101 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये) बरामद किये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वन्दना सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद महोबा की सर्विलांस सेल एवं स्वाट टीम द्वारा गुम/खोये मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में CEIR PORTAL पर प्राप्त Traceability Details तथा पीड़ितों की शिकायतों का गहन विश्लेषण कर त्वरित कार्यवाही की गई। लगातार प्रयास और तकनीकी निगरानी के परिणामस्वरूप, पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों से कुल 101 मोबाइल फोन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। बरामद किए गए मोबाइलों की कीमत लाखों रुपये आंकी गई है।

आज दिनांक 13.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ झलक रही थी।

मोबाइल लौटाए जाने के दौरान, उपस्थित नागरिकों ने महोबा पुलिस, विशेषकर सर्विलांस टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य पुलिस की सतर्कता, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। इस पहल से न केवल जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ है कि जनपद महोबा पुलिस हर पीड़ित की सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

महोबा पुलिस का यह प्रयास न केवल गुमशुदा सम्पत्ति की बरामदगी का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आधुनिक तकनीक और टीम वर्क से किसी भी चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है। जनपद महोबा पुलिस आम जनमानस को विश्वास दिलाती है कि गुमशुदा मोबाइल बरामदगी की यह पक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

### मोबाइल बरामद करने वाली स्वॉट/सर्विलांस पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 शिवप्रताप सिंह, प्रभारी स्वॉट/सर्विलांस टीम
2. उ0नि0 विवेक यादव स्वाट टीम
3. कां0 दीपक वर्मा 4. कां0 रंजीत सिंह 5.कां0 आशीष बघेल 6. कां0 कुलदीप यादव
7. कां0 सत्यम सिंह जादौन 8. कां0 निर्भय सिंह 9. कां0 अभिषेक दुबे







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 13.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में, नशा मुक्ति अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद के विभिन्न थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन एवं छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में 01 से 31 अगस्त 2025 तक पूरे जनपद में नशा मुक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 13.08.2025 को जनपदीय पुलिस टीम द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल और कार्यशालाओं जैसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशा त्यागने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

जनपदीय पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों व आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया।

सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक ई-शपथ लेकर नशे के विरुद्ध आवाज़ उठाने और सुरक्षित भविष्य निर्माण का संकल्प लिया।

"स्वस्थ समाज, नशा मुक्त विचार" — इस मूल मंत्र के साथ यह अभियान जनपद के हर वर्ग तक पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया गया।






## थाना चरखारी पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में, आज दिनांक 13.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी मय हमराह हे0कां0 प्रमोद कुमार व हे0कां0 महेन्द्र पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त खेमचन्द्र पुत्र अवध सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये ग्राम अस्थौन थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 172/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

खेमचन्द्र पुत्र अवध सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी
2. हे0कां0 प्रमोद कुमार
3. हे0कां0 महेन्द्र पाल

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा मारपीट एवं गाली गलौज करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

आज दिनांक 13.08.2025 को श्रीमती फूला पत्नी ओमप्रकाश बसोर निवासी ग्राम भुजपुरा, थाना महोबकंठ, जनपद महोबा द्वारा थाना महोबकंठ पर लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में अंकित किया गया कि अभियुक्त भूरा यादव उर्फ बृजमोहन पुत्र किशोरी लाल द्वारा उनके साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की गयी है।

उक्त प्रकरण में थाना महोबकंठ पर मुकदमा अपराध संख्या 127/25, धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), (2)(5)(क) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु शातिर अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी, सत्यापन की कार्यवाही तथा आपराधिक कृत्यों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त भूरा यादव उर्फ बृजमोहन को गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार
2.उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा
3.का0 अमित कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

भूरा यादव उर्फ बृजमोहन पुत्र किशोरी लाल निवासी ग्राम भुजपुरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा।

